सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 05 जुलाई, 2023

राजभवन ऑडिटोरियम में बुधवार को प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर की अध्यक्षता में महिलाओं के लिए एक स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग, सीएमआई अस्पताल डॉ. सुमिता प्रभाकर ने उपस्थित महिलाओं को स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के संबंध में जागरूकता और इससे बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं में स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने और इसके रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपायों के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. सुमिता ने कहा कि स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्क्रीनिंग किया जाना जरूरी है जिससे कैंसर की पहचान हो सके और इसका इलाज जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने महिलाओं को संतुलित आहार करने, अपने वजन की देखभाल करने, तनाव को प्रबंधित और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा की इन सभी उपायों से किसी भी प्रकार की बीमारी से बचा जा सकता है।

प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह की कार्यशाला का उद्देश्य जहां महिला सदस्यों के स्वास्थ्य संबंधित चुनौतियों के प्रति जागरूक करना है वहीं उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना भी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने दैनिक कार्यों में इतना व्यस्त रहती हैं और वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल करना भूल जाती है। उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति हमें स्वयं गंभीर होने की जरूरत है। स्वास्थ्य ही हमारा सबसे बड़ा धन है। यदि हम स्वस्थ होंगे तो हमारा परिवार स्वस्थ होगा और हमारे आसपास अच्छा वातावरण रहेगा।

प्रथम महिला ने विश्वास जताया कि डॉ. सुमिता द्वारा दी गई स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां सभी महिलाओं के लिए लाभकारी होगी और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति और संवेदनशील रहेंगी।

............0............